(41)

1424 \ WS-16 \ 73 Dt 15/07/21

(65)

दिनॉक 08.07.2021 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर के सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर जल उपलब्ध कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य सम्मिलित हुए :–

1– श्री अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– श्री राकेश कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3– श्री कमलेश सिंह, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम, सीतापुर।
4– श्री लाल कमल, जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर।
5– श्री अजय प्रभाकर, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम, सीतापुर।
6– श्री मो0 अखलाक अन्सारी, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम, सीतापुर।
7– श्री रजनीश कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनमपल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
8– श्री चन्द्र शेखर राव, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम, सीतापुर ने अवगत कराया कि 1300 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 780 नग भूमि उप जिलाधिकारियों द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है जिसमें मे0 एल0 एण्ड टी0 को आवंटित 527 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष एल0 एण्ड टी0 को 527 राजस्व ग्रामों के डी0पी0आर0 बनाये जाने हेतु उपलब्ध करा दिया गया है जबकि मे0 एन0सी0सी0 को 500 नग राजस्व ग्राम के सापेक्ष 253 राजस्व ग्रामों में भूमि उपलब्ध करा दी गयी है, जिसके सापेक्ष मे0 एल0 एण्ड टी0 द्वारा 226 नग डी0पी0आर0 जिसमें 359 राजस्व ग्राम सम्मिलित है, बना दिये गये है। 226 नग डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा को भेज दिय गया था, जबकि 12 नग डी0पी0आर0 जल निगम को उनके अधीक्षण अभियन्ता/मुख्य अभियन्ता को तकनीकी स्वीकृति हेतु भेजा गया था। मे0 एन0सी0सी0 द्वारा 24 डी0पी0आर0 पिछली जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक तक बनाये गये थे जिसको जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को भेज दिये गये थे। आज 41 डी0पी0आर0 में एन0सी0सी0 एवं 58 डी0पी0आर0 में एल0 एण्ड टी0 द्वारा प्रस्तुत किये गये। इस प्रकार मे0 एन0सी0सी0 द्वारा वर्तमान तक 65 डी0पी0आर0 की बनाये गये है। जिलाधिकारी महोदय ने अप्रसन्ता व्यक्त करते हुए मे0 एन0सी0सी0 को कारण बताओं नाटिस जारी किये जाने के आदेश दिये गये।

जिलाधिकारी महोदय ने अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देश दिये कि अगली बैठक के एक दिन पूर्व बैठक का एजेण्डा प्रस्तुत करेंगे एजेण्डे के बिन्दु के अनुसार बिन्दुवार कार्यवाही करवायेंगे एवं पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों का पालन करायेंगे। बैठक का कार्यवृत्त जारी होगा एवं 24 घंटे में मेरे समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा, जो डी0पी0आर0 बनवाये गये है उनको ग्राम पंचायतों से विलेज एक्शन प्लान एवं ग्रामों की वी0डब्लू0एस0सी0(ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति) एवं 5 महिला सदस्यों के समूह को वाटर टेस्टिंग बनाये जाने हेतु पत्र लिखें जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में समीक्षा हेतु प्रस्तुत प्रपत्र में उपलब्ध भूमि का प्रतिशत एवं उसके सापेक्ष तैयार किये गये डी0पी0आर0 का प्रतिशत दर्शाने के निर्देश दिये गये। जल जीवन मिशन पोर्टल पर अपलोड सूचनाओं को सीधे पोर्टल से निकाल कर बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने दिनॉक 05.07.2021 को मुख्य सचिव महोदय की वी0सी0 के संदर्भ में अवगत कराया कि जल निगम द्वारा रेक्टोफिटिंग के अन्तर्गत 10 योजनाओं पर एफ0एस0टी0सी0

क्रमशः 2...

Scanned by CamScanner

का कार्य किया जा रहा है जिसपर इस वर्ष 4613 एफ0एस0टी0सी0 लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित है, परन्तु अभी तक 996 एफ0एस0टी0सी0 ही लगाये जा सके है। ग्रामवासियों द्वारा यूजर चार्जेज, आधार कार्ड, घर के सामने हैण्डपम्प उपलब्ध होने एवं घर में सबमरसेबिल लगा होने का हवाला देकर गृह संयोजन लेने से मना किया जा रहा है। इस कारण जो कार्य हम एक माह में पूरा कर सकते है वह पिछले 8 माह में भी पूरा नहीं हो पा रहा है।

जिलाधिकारी महोदय ने इस पर खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर को कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए बैठक समाप्त की एवं अगली बैठक से पूर्व एजेण्डा एवं विगत बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन करने के निर्देश दिये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता,<br>निर्माण खण्ड,<br>उ0 प्र0 जल निगम,<br>सीतापुर | जिला विकास अधिकारी,<br>सीतापुर | मुख्य विकास अधिकारी,<br>सीतापुर | जिलाधिकारी,<br>सीतापुर |

Scanned by CamScanner